# दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा तपस्यार्थियों का अभिनन्दन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित गुरुदेव श्री मलयप्रभ सागर जी ने पर्युषण महापर्व के सातवें दिन कहा यह आध्यात्मिक सप्ताह पूर्ण हुआ है और अब हमें संवत्सरी महापर्व मनाना है। हमें भाग्य से यह पर्व मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। आध्यात्म साधना का चिराग लेकर जन-जन को पवित्र बनाने वाले पर्वाधिराज का शुभ दिवस संवत्सरी महापर्व हमारे समक्ष उपस्थित हो चुका है। जिस प्रकार किसी भी त्योहार या पर्व को मनाने के लिए कुछ दिन पूर्व ही तैयारी में जुटते हैं ठीक इसी प्रकार संवत्सरी पर्व मनाने सात दिन पूर्व से ही तैयारी में जुट जाते हैं। साधना के माध्यम से आत्मा का हमें कल्याण करना है। इन सात दिनों में अधिक से अधिक साधना आराधना के माध्यम से अपनी आत्मा की सफाई करते है फिर आठवें दिवस संवत्सरी पर्व के माध्यम से समकित का बीजारोपण किया जाता है। यह पर्व पवित्रता का पैगाम लेकर आता है, जिसमें तन, मन व समय सभी का सार्थक उपयोग करते हुए आत्मा को पवित्र बनाने का पुरुषार्थ किया जाता है। साधना के माध्यम से आत्मा का कल्याण करना है। जिस प्रकार नदी में गंगा नदी, पक्षियों में गरुढ़ पक्षी, पुष्पों में कमल व पर्वत में मेरु पर्वत श्रेष्ठ माने जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पर्व में सर्वश्रेष्ठ पर्व महापर्व संवत्सरी को कहा जाता है, जिसे तीर्थंकर देव भी मनाते हैं। देवता गण भी नंदीश्वर द्वीप में जाकर इस आध्यात्मिक पर्व को मानते है, व धर्म की अनुमोदना करते है। हमें महान पुण्यवाणी से यह अमूल्य अवसर प्राप्त हुआ है, जिसमें बिना किसी खर्च के मालामाल होने का अवसर है। गुरुदेव ने आगे कहा कि यह आध्यात्मिक सप्ताह पूर्ण हुआ है। हमें बड़े ही भाग्य से यह पर्व मनाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। दादाबाड़ी ट्रस्ट द्वारा आज अट्ठाई और अट्ठाई से ऊपर के तपस्यार्थियों का बहुमान किया गया। प्रवचन के पश्चात बारसा जी सूत्र चतुर्विध संघ के साथ लाभार्थी अजित कुमार, मांगीलाल साकरिया परिवार के निवास पर ले जाया गया और रात्रि में ज्ञान की और परमात्मा की भक्ति आयोजित की गई। संवत्सरी पर्व का प्रतिक्रमण शनिवार को महिलाओं और पुरुषों का अलग अलग शिफ्टों में आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ क्षमापना यानि क्षमा देकर और क्षमा मांगकर इस महापर्व का समापन होगा।

# जन्म जन्म के पापों का नाश करने वाला होता है जप




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी सिद्धप्रभा जी के पावन सानिध्य में पर्युषण पर्व का छठा दिन विजयनगर स्थित अर्हम भवन में जप दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाओं द्वारा मंगलाचरण के संगान के साथ हुआ। साध्वी सिद्धप्रभा जी ने कहा जो जन्म जन्म के पापों का नाश करने वाला होता है वह है जप। कुछ व्यक्ति कार्य सिद्धि के लिए तो कुछ विघ्न निवारण के लिए तो कुछ ग्रह शांति के लिए जप का प्रयोग करते हैं। कुछ व्यक्ति आत्मा आराधना के लिए भी जप का प्रयोग करते हैं। साध्वी जी ने प्रतिक्रमण के दूसरे आवश्यक चउविस्टठव के विषय में बताते हुए कहा कि भगवान ने स्तुति के दो रूप बताए हैं, गुणानुवाद रूप और मंगलाचरण के रूप। स्तुति के महत्व को बताते हुए साध्वी ने कहा कि अगर तन्मयता के साथ लयबद्ध स्तुति की जाये तो हमारे भीतर अल्फा तरंगें पैदा होती है जो हमारे कण-कण में ऊर्जा का संचार कर हमारी आत्मा को शक्तिशाली महसूस करवाती है। तेरापंथ सभा विजयनगर के अध्यक्ष मंगल कोचर ने जप दिवस के उपलक्ष में पर्युषण काल में निरंतर चल रहे जप अनुष्ठान के लिए सभी को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में युवा गौरव विमल कटारिया, तेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत, सभा के मंत्री दिनेश हिंगड़, तेयुप अध्यक्ष कमलेश, मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया एवं सभी संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अट्ठाई तप के तपस्वियों का निकाला वरघोड़ा



**गदग/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित आगमरत्न सागरजी, प्रशमरत्न सागरजी और वज्ररत्न सागरजी के पावन प्रेरणा व सानिध्य में बड़ी संख्या में तप चल रहा है। अट्ठाई तप पच्चखान हेतु अनुमोदनार्थ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो महावीर कॉलोनी स्थित वासुपूज्य जैन मंदिर के दर्शन कर वाजते गाजते शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेशन मार्ग पर स्थित पार्श्वनाथ मंदिर पहुच कर धर्म सभा में परिवर्तित हुआ। सभा भवन में बंधु त्रिपुटी महाराज द्वारा पच्चखान दिया गया। अट्ठाई तपस्वी दिलीप फौला मुथा, सयंम संकलेचा, दर्शन श्रीश्रीमाल, गणेश संकलेचा, भावेश बाफना, युतिक पारलेचा, कोमल लुंकड़, पुनम संकलेचा, चहक तातेड, महक बाफना, पिंकी बाफना का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मूर्तिपुजक संघ के अध्यक्ष पंकज बाफना, समिति सदस्य निर्मल पारेख, महेंद्र बंदा, हरीश शाह, सचिन जैन, विनोद फौलामुथा, धीरज बाफना, राजेंद्र संघवी, बाबूलाल खिवेंसरा समेत संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गुरु पन्नालाल सूर्य के समान जिनशासन में चमके: डॉ वरुणमुनि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर में विराजित डॉ वरुणमुनि ने पर्युषण महापर्व के 6वें दिन कहा कि भगवान महावीर ने श्रावक को श्रमणोपासक की उपमा दी है।

जो त्यागी संत श्रमणों की सेवा भक्ति आहार, वस्त्र, पात्र आदि विभिन्न प्रकल्पों में उन्हें सेवा पहुंचाते हुए आदर व विनयपूर्वक उनके संयम पालन में सहयोगी बनता है, वही सच्चा आदर्श श्रमणोपासक है। संत के संयमी जीवन के पालना के लिए श्रावक का जागरुक होना जरूरी है। श्रावकों के बिना श्रुतज्ञान का विस्तार नहीं हो सकता है। प्रवर्तक पन्नालाल महाराज का 137वां जन्मोत्सव धर्म आराधना एवं एकासन तप द्वारा मनाया गया। उन्होंने कहा गुरु पन्नालाल एक विद्धान, ज्ञानी, ध्यानी, त्यागी, तपस्वी संत थे। अपने जीवन काल में जैन संत, राजस्थान केसरी, स्वाध्याय शिरोमणि, प्रवर्तक पन्नालाल ने अंधविश्वास का प्रबल विरोध किया। गुरु पन्नालाल सूर्य के समान जिनशासन में चमके।

मात्र 11 वर्ष की उम्र में मोतीलाल महाराज के सानिध्य में दीक्षा लेकर अल्प समय में अनेक विद्याओं का ज्ञान प्राप्त किया। उनकी संयम साधना और तप उत्कृष्ट था। अनेक सिद्धियों को प्राप्त करने के बाद भी समभाव में रहे।

उन्होंने सदैव कहा जीवन में कभी अभिमान मत करना यह समय यह काल कब किस करवट बदलेगा पता नहीं चलेगा।

इसलिए सदैव समभाव में रहो। एकासन के लाभार्थी विनोदकुमार, अमितकुमार डांगी परिवार रहे। प्रभावना के लाभार्थी त्रिलोकचंद चौधरी, नमितकुमार कोठारी, विनोदकुमार डांगी एवं पंकजकुमार दुलीवाल परिवार रहे। संचालन संघ महामंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

# हम पाप से घृणा करें, पापी से नही

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में पर्युषण पर्व के छटे दिन अंतगड दशा सूत्र का वाचन एवं विवेचन करते हुए स्वाध्यायी अभय कुमार बांठिया ने कहा कि आगम का स्पष्ट संदेश है कि हम पाप से घृणा करें, पापी से नही। पापी में सुधरने की संभावना होती हैं और सही संगति मिलने पर उसका जीवन आदर्श जीवन भी बन सकता है। अंतगड सूत्र के अर्जुन माली के वर्णन में देख सकते हैं कि जब उसकी आस्था पर चोंट पहुंची तो वह पथ भ्रष्ट हो गया और हत्यारा बन गया। किंतु सुदर्शन श्रावक ने उसे संबल दिया। उसे सहारा दे कर भगवान महावीर से परिचय कराया। महापुरुषों के मात्र एक संपर्क में मानव हत्यारा अर्जुन माली मुनि बन गया और क्षमा का उदाहरण बन गया। अर्जुन मुनि ने शरीर को साधन बना कर श्रेष्ठ साधना की और सिद्ध बन गए। अभय कुमार ने कहा कि स्वच्छंदता स्वयं के प्रति अपराध है। मानव भव हमें शिखर चूमने के लिए मिला है और हम भौतिक सुखों में स्वच्छंद हो रहे हैं और मिला अवसर गंवा रहे हैं। पछताने के पहले सम्ह-लने में बुद्धिमानी है।








*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री लक्ष्मी देवी पूजा सेवा समिति मुडलपाल्या द्वारा आयोजित लक्ष्मी देवी पूजा उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# निर्मल मन से करें धर्म की आराधना: राजेशमुनि जी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शांतिनगर स्थित श्री लुणावत जैन स्थानक में पर्युषण पर्व के छठे दिन राजेश मुनि जी ने निर्मल मन से धर्म आराधना करने की प्रेरणा दी। मुनि ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इन पावन दिनों को मनाने का सुनहरा अवसर, धर्म का सहारा और गुरु का सानिध्य प्राप्त हो रहा है।

भगवान महावीर ने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया। इसलिए पर्युषण पर्व सिर्फ जैनियों का नहीं, बल्कि पूरे विश्व का है। मुनि ने कहा कि जो व्यक्ति समय की कीमत पहचान लेता है सफलता उसके कदम चूमती है। हमें भूत भविष्य में नहीं बल्कि वर्तमान में जीना होगा और पुरुषार्थ कर जीवन को सफल बनाना होगा। हमें निर्मल मन से हर क्रिया को करना होगा तभी हमारा कल्याण निश्चित होगा। हमें अपने मन को निर्मल रखते हुए भगवान के समान बनना है। भगवान के भक्त बनकर उनकी भक्ति करनी चाहिए। बच्चों के मन की तरह हमारा मन सरल होना चाहिए। परिवार को खुशहाल रखने के लिए हमें कुव्यसनों से दूर रहना होगा। इस अवसर पर ऋषभ मुनि ने भी विचार व्यक्त किए। संघ के मंत्री छगनमल लुणावत ने सभा का संचालन किया।

# जप दिवस मनाया



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ सभा भवन में पर्युषण के छटवें दिन जप दिवस मनाया गया। उपासक छत्र सिंह मालू ने नमस्कार महामंत्र पर गीतिका से कार्यक्रम की शुरुआत की तथा सामुहिक अर्हम की ध्वनि का जाप कराया ।

हमारे जीवन में मंत्रों के प्रभाव को बताया। नमस्कार महामंत्र के पांचों पदों की संक्षिप्त रूप में जानकारी दी। उपासक भंवर लाल ने भगवान महावीर के पूर्व भवों का वर्णन किया। जप दिवस के अवसर पर हासन में अखंड जाप चला, जिसमें सभा, महिला मंडल, तेयुप, टीपीएफ, ज्ञानशाला, कन्या मंडल की सहभागिता रही। अणुव्रत दिवस के उपलक्ष में उपासक छत्र सिंह मालू ने गीतिका प्रस्तुत की और अणुव्रत के नियमों से अवगत कराते हुए उन नियमों को पालन करने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात उपासक भंवरलाल मांडोत ने पार्श्वनाथ तीर्थंकर के जीवन पर 10 भवों के बारे में बताया।


|| श्री पार्श्वनाथाय नमः ||

क्षमा में चाहिए
भावों का कारवां...
मांफी में चाहिए
मधुरता का मिश्रण...
हृदय में चाहिए पश्चाताप
की अमल गंगा...
हम क्षमा मांगते हैं,
आप हमें करें क्षमा...



देशभर मे चातुर्मासार्थ विराजित साधु-साध्वीयों सभी श्री संघों एवं कर्नाटक के गदग में ऐतिहासिक चातुर्मासार्थ विराजित आगमरत्न सागरजी प्रशमरत्न सागरजी वज्ररत्न सागरजी बंधु त्रिपुटी मुनिराज की पावन निश्रा में चातुर्मास पर्युषण पर्व की आराधनाएं जिनवाणी तप व प्रतिक्रमण आदि धार्मिक अनुष्ठान हर्षोल्लास से गतिमान है। हम बंधु त्रिपुटी के चरणों में सवत्सरी महा पर्व पर नमन वंदन कर क्षमा याचना करते हैं।

॥ मिच्छामी दुक्कड़म् ॥

क्षमाप्रार्थी : श्री राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ गदग

# सिद्धरामैया ने येत्तिनाहोले परियोजना के पहले चरण का किया उद्घाटन





## हेब्बनहल्ली में बगिना भेंट की

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शुक्रवार को हासन के सकलेशपुर तालुक के हेब्बनहल्ली में उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और कई कैबिनेट मंत्रियों की मौजूदगी में येत्तिनाह-ोले एकीकृत पेयजल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। पश्चिम की ओर बहने वाली धाराओं पर बांध बनाकर एकत्र किए गए पानी को डोड्डानगरा गांव में स्थित डिलीवरी चैंबर (डीसी-3) में पंप किया जाता है।

वहां से पानी को फिर से हेब्बनहल्ली में डिलीवरी चैंबर (डीसी-4) में पंप किया जाता है। योजना के अनुसार डीसी-4 से पानी गुरुत्वाकर्षण द्वारा बहता है।

इस मौके पर गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के.एच. मुनियप्पा, उद्योग मंत्री एम.बी. पाटिल, सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना, पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली, लघु सिंचाई मंत्री बोसराजू, सकलेशपुर विधायक सीमेंट मंजू और अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों ने डोड्डानगरा में पंपिंग स्टेशन चालू किया और डीसी-3 से पंप किया गया पानी डीसी-4 तक पहुंचने के बाद उन्होंने हेब्बनहल्ली में बगीना चढ़ाया। इस परियोजना को हासन, चिक्कमगलूरु, तुमकुरु, चिकबल्लापुर, कोलार, बेंगलूरु ग्रामीण और रामनगरा के सात जिलों के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। अभी तक, काम का पहला चरण पूरा हो चुका है। हेब्बनहल्ली डिलीवरी चैंबर से छोड़ा गया पानी करीब 31 किलोमीटर तक बहता है और वहां एक एस्केप कैनाल पॉइंट के जरिए प्रवाह को वाणी विलास सागर घाटी की ओर मोड़ दिया जाता है।

शुक्रवार से अगले साठ दिनों तक यानी 6 नवंबर तक 1,500 क्यूसेक पानी पंप किया जाएगा। इससे वेदवती नदी पर बने वाणी विलास सागर बांध को 5 टीएमसी पानी मिलेगा।

# चोरी के मामलों का पता लगाकर उसे करें नियंत्रित: बी दयानंद

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने कहा कि चोरी, घर में चोरी, वाहन चोरी सहित गंभीर चोरी के मामलों पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और चोरी को नियंत्रित किया जाना चाहिए। शहर में सीएआर नॉर्थ परेड ग्राउंड द्वारा आयोजित मासिक अभ्यास में अभिनंदन प्राप्त करते हुए उन्होंने एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्राधिकार के तहत अपराधों पर सावधानीपूर्वक विचार करें और जिम्मेदार कारकों के नियंत्रण और उपच-ारात्मक उपायों पर एक रिपोर्ट दें। डीसीपी के नेतृत्व में क्रियान्वयन के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं।

अपराध के मामलों में मुकदमा चलाने के साथ-साथ उन पर नियंत्रण के लिए भी कदम उठाने चाहिए। हमने जो काम किया है उसे जनता मान चुकी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे आने वाले दिनों में भी अपनी ड्यूटी अच्छे से निभाएं। वहीं, सीएआर नॉर्थ परेड ग्राउंड में वर्षा जल संचयन के तहत गड्ढे खोदने का काम शुरू किया गया। खास बात यह है कि पुलिस जनता की सुरक्षा और शांति के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में भी इसकी सराहना की गयी है। शहर पुलिस आयुक्त कार्यालय को पहले ही शून्य अपशिष्ट कार्यालय घोषित किया जा चुका है। कूड़े की छंटाई और निस्तारण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को डेढ़ महीने तक प्रशिक्षण दिया गया है। यह सराहनीय है कि एनजीओ और अन्य ट्रस्ट ने इसके लिए हाथ मिलाया है। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि उन्होंने इस बारे में जागरूकता दी और परियोजना को सफल बनाने में मदद की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य पुलिस कार्यालयों को भी जीरो वेस्ट परिसर में तब्दील किया जायेगा। हाल के दिनों में बेंगलूरु सिटी पुलिस की जनता ने खूब तारीफ की है। हाल की जांच, परोपकारी कार्यों को सभी प्लेटफार्मों पर अच्छी तरह से प्राप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पहले, पुलिस स्टेशन केवल अमीरों और शक्तिशाली लोगों के लिए थे। लेकिन अब वे गरीबों और कमजोरों की सुरक्षा के लिए गढ़ों में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने स्टाफ से कहा कि वे संयम से व्यवहार करें और थाने में शिकायत करने आने वाले लोगों की समस्या सुनें। शहर पुलिस आयुक्त ने मासिक परेड को उत्कृष्ट तरीके से आयोजित करने के लिए डीसीपी नागराज को बधाई दी।

# 19 सितंबर को कलबुर्गी में आयोजित होगी कैबिनेट बैठक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की 19वीं कैबिनेट बैठक कलबुर्गी में होगी। कैबिनेट बैठक 19 सितंबर को शाम 4 बजे कलबुर्गी के मिनी विधान सौधा में क्षेत्रीय आयुक्त के कार्यालय के हॉल में होगी। इससे पहले, 2013 से 2018 के बीच मुख्यमंत्री रहे सिद्धरामैया ने ज्यादातर कैबिनेट बैठकें बेंगलूरु में की थीं।

अतीत में, देवराज अरसु सहित कई मुख्यमंत्रियों ने बेंगलूरु के बाहर कैबिनेट बैठकें की थीं और एक नई परंपरा की शुरुआत की थी। हाल ही में जब येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे, तब कलबुर्गी में कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें क्षेत्रीय असमानता को खत्म करने के लिए बेंगलूरु से प्रशासनिक व्यवस्था को विकेंद्रीकृत करने पर काफी चर्चा हुई थी। इसके एक भाग के रूप में, बेलगावी में सुवर्णसौधा का निर्माण किया गया है और वर्ष में एक बार विधान मंडल सत्र आयोजित किया जाता है। कई वर्षों के बाद कलबुर्गी में कैबिनेट बैठक बुलाकर वहां की समस्याओं पर चर्चा करने और समाधान निकालने की मांग को स्वीकार कर लिया गया है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से चार लोगों की मौत, 3 घायल

**विजयपुरा/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले के मुद्देबिहाल तालुक के कुंतोजी गांव में गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक ने लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित शौच के बाद सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथे ने तालुक अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उन्नत उपचार के लिए बागलकोट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित गुरुवार रात को कुंतोजी मेले में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की और शौच के लिए चले गए। लौटते समय तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान अनिल एम खैनूर (23), निंगाराजू चौडी (22) कुमार पयाती (18) और महंतप्पा बागेवाड़ी (24) के रूप में हुई है। मुद्देबिहाल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# कर्नाटक में हजार करोड़ के घोटाले का आरोप

## तत्कालिन भाजपा सरकार निशाने पर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक में इन दिनों घोटालों का मुद्दा छाया हुआ है। मुडा और वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाले को लेकर कर्नाटक की सिद्धरामैया सरकार विपक्ष के निशाने पर है। अब कर्नाटक में एक नए घोटाले के आरोप लग रहे हैं और इस बार निशाने पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार है। दरअसल कोरोना महामारी के दौरान फंड में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। इस कथित घोटाले में जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा ने सरकार को एक प्राथमिक रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट पर गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में चर्चा भी हुई। कोरोना के समय कर्नाटक में भाजपा की बीएस येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे, ऐसे में कोरोना फंड में गड़बड़ी का आरोप पूर्व की भाजपा सरकार पर लग रहा है। आरोप है



कि करोड़ों रुपए के फंड की कथित हेराफेरी की गई। मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि जस्टिस कुन्हा की समिति को घोटाले से जुड़ी कई फाइलें गायब मिली हैं। राज्य में कोरोना के दौरान कुल 13 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। हालांकि आधिकारिक तौर पर कोई आंकड़ा नहीं बताया गया है, लेकिन सूत्रों का दावा है कि कोरोना फंड में से करीब एक हजार करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। घोटाले की जांच रिपोर्ट को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी पेश किया जा सकता है। वहीं सरकार ने जस्टिस कुन्हा समिति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है ताकि अंतिम रिपोर्ट पेश की जा सके। एक हजार पन्ने की जस्टिस कुन्हा समिति की रिपोर्ट का अब सरकारी अधिकारियों द्वारा विश्लेषण किया जाएगा और एक महीने के भीतर सरकार को पेश किया जाएगा। कुन्हा रिपोर्ट को कांग्रेस और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के लिए एक वरदान के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हें भाजपा मुडा घोटाले में घेरने की कोशिश कर रही है। सिद्धरामैया ने मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। वहीं कोविड फंड के कथित घोटाले को लेकर आरोप लग रहे हैं कि कांग्रेस सरकार ने बदले की भावना के तहत यह आरोप लगाए हैं। इस पर कर्नाटक सरकार के मंत्री ने कहा कि मुडा घोटाला दो महीने से भी कम पुराना है, जबकि कोरोना फंड में गड़बड़ी की जांच के लिए एक साल पहले कुन्हा समिति को नियुक्त किया गया था। कथित मुडा घोटाला मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण या मुडा द्वारा भूमि आवंटन में अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। आरोप लगाए गए हैं कि सिद्धरामैया की पत्नी बीएम पार्वती को मुआवजे के तौर पर आवंटित की गई भूमि, बदले में दी गई भूमि के मूल्य से कहीं ज्यादा है।

# हाथियों के दूसरे जत्थे का वजन जांचा गया, सुग्रीव का वजन सबसे ज्यादा



**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मैसूरु के धन्वंतरि रोड पर शुक्रवार सुबह 59 साल पुराने लॉरी वजन तौलने वाले पुल पर पांच दशहरा हाथियों के दूसरे जत्थे का वजन जांचा गया। वन अधिकारी डीसीएफ (वन्यजीव) आई बी प्रभु गौड़ा के अनुसार सुग्रीव का वजन सबसे ज्यादा 5,190 किलोग्राम था, महेंद्र का वजन 4,910 किलोग्राम, प्रशांत का 4,875 किलोग्राम और डोड्डाहरवे लक्ष्मी का 3,485 किलोग्राम था, जबकि हिरण्य का वजन 2,930 किलोग्राम था। पिछले साल अपने-अपने वन शिविरों के लिए रवाना होने से पहले सुग्रीव का वजन 5,310 किलोग्राम था और अब उसका वजन 120 किलोग्राम कम हो गया है, जबकि महेंद्र का वजन 4,835 किलोग्राम था और उसका वजन 75 किलोग्राम बढ़ गया है।

प्रशांत का वजन 5,215 किलोग्राम था और उसका वजन 340 किलोग्राम कम हो गया है। डोड्डाहारवे लक्ष्मी का वजन 3,365 किलोग्राम था और उसका वजन 120 किलोग्राम कम हो गया है। वहीं हिरण्या का वजन 3,025 किलोग्राम था और उसका वजन 95 किलोग्राम बढ़ गया है। वे सुबह करीब 7.30 बजे मैसूरु पैलेस के उत्तरी द्वार से तौल पुल की ओर मार्च करने लगे। वे के.आर. सर्किल, सयाजी राव रोड से गुजरे और धन्वंतरि रोड पर तौल पुल पर पहुँचे। हमेशा की तरह, उनके आगे चलने वाले एस्कॉर्ट वाहन से जुड़ा एक चुंबकीय मेटल डिटेक्टर/स्कैनर हाथियों के पैरों में कील या किसी भी धातु को चुभने से बचाने के लिए उन्हें परख रहा था।

पुलिस और यातायात पुलिस ने उनका अनुरक्षण किया और यातायात को सुचारू किया। ये पाँच हाथी गुरुवार शाम को मैसूरु पैलेस परिसर में पहुंचे और नौ अन्य - अभिमन्यु, धनंजय, गोपी, भीमा, रोहित, कंजन, एकलव्य, वरलक्ष्मी और लक्ष्मी के साथ शामिल हो गए, जो 21 अगस्त को पहले जत्थे के हिस्से के रूप में पहुँचे थे। पशु चिकित्सक मुजीब उर रहमान ने बताया कि इन पांच हाथियों को भी अन्य नौ हाथियों की तरह विशेष पौष्टिक भोजन दिया जाएगा, ताकि उन्हें दशहरा जंबो सवारी जुलूस के लिए तैयार किया जा सके। शुक्रवार की सुबह जंबो सवारी जुलूस मार्ग पर महलों के शहर के बीचों-बीच सभी 12 सौम्य दिग्गजों को चलते हुए देखना एक अद्भुत दृश्य था। लोग सड़कों के दोनों ओर हर दिन कतार में खड़े होकर वीडियो, फोटो और सेल्फी ले रहे थे। दे-वराज बाजार में कई फूल विक्रेता और यहां तक कि आम लोग भी उन्हें फूल भेंट कर रहे थे। कंजन और वरलक्ष्मी ने शुक्रवार की सुबह प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया। वन अधिकारी डीसीएफ (वन्यजीव) आईबी प्रभु गौड़ा, आरएफओ संतोष हुगर, पशु चिकित्सक मुजीब उर रहमान और वन विभाग के अन्य कर्मचारी उनके साथ थे।

# पुलिस ने प्रतिबंधित सीपीआई पार्टी के कथित सक्रिय सदस्य को पकड़ा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी), बेंगलूरु सिटी पुलिस के आतंकवाद निरोधी प्रकोष्ठ (एटीसी) की एक टीम ने गुरुवार को शहर में एक 35 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ा, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) पार्टी का सक्रिय सदस्य है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान तमिलनाडु के चेन्नई के रहने वाले अनिरुद्ध राजन के रूप में की है। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि चेन्नई का रहने वाला और सीप-ीआई (माओवादी) का सक्रिय सदस्य अनिरुद्ध राजन पिछले कुछ दिनों से बेंगलूरु में है और केम्पेगौड़ा बस स्टेशन से बस में सवार होकर किसी दूसरी जगह जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि जब उसे सीसीबी के पूछताछ केंद्र, मदिवाला ले जाया गया, तो उसने स्वीकार किया कि वह चेन्नई का रहने वाला अनिरुद्ध राजन है और पिछले पांच वर्षों से सीपीआई (माओवादी) का सदस्य है। उसने कथित तौर पर एक पेनड्राइव दी जिसमें सीपीआई (माओवादी) पार्टी के कुछ दस्तावेज और लेटरहेड थे। उन्होंने इंदिरानगर में उसके एक दोस्त के घर पर भी छापा मारा और दावा किया कि उन्हें और भी कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं।

# स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी पर पुनर्विचार करे केंद्र

## कर्नाटक के मंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर पुनर्विचार करने की मांग की। उन्होंने आग्रह किया कि मैं आपको पत्र लिखकर 9 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत कर पर पुनर्विचार करने के लिए कह रहा हूं। पत्र में कहा गया है कि यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि विडंबनापूर्ण भी है कि एक सरकार जो सार्वभौमिक बीमा के दृष्टिकोण का समर्थन करती है, वह भी इस पर इतनी अधिक दर से कर लगाती है कि यह स्वास्थ्य बीमा को पूरी तरह से हतोत्साहित करती है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी 18 प्रतिशत के उच्चतम कराधान वर्गों में से एक है और 2017 से ऐसा ही है, जबकि सभी हितधारकों, जिसमें राजनेता और नीति निर्माता शामिल हैं, ने इसका कई बार विरोध किया है। राव ने कहा विशेष रूप से



महामारी के बाद की दुनिया में, एक आवश्यक सेवा/आवश्यकता पर इतना अधिक जीएसटी लगाना, कम से कम यह कहा जा सकता है कि यह कठोर है और एक कल्याणकारी राज्य को ऐसा नहीं करना चाहिए। जीएसटी की उच्च दर सीधे प्रीमियम की लागत को प्रभावित करती है, जिसका अर्थ है कि स्वास्थ्य बीमा अधिक महंगा हो जाएगा। राव ने जोर देकर कहा बढ़ती लागत, हालांकि उच्च आर्थिक वर्गों के लिए समझ में नहीं आती है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ता है, जिनके लिए प्रीमियम में मामूली वृद्धि भी इसे खरीदना दुर्गम बना देती है। इसलिए, उस परिस्थिति में, वे प्रीमियम का खर्च उठाने के लिए या तो किसी अन्य आवश्यकता को छोड़ देते हैं या, अक्सर स्वास्थ्य बीमा लेने से बचते हैं, जिससे वे और उनका परिवार किसी चिकित्सा आपात स्थिति में फंस जाते हैं, जिससे उन्हें गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ सकता है। राव ने कहा हालांकि इतने उच्च जीएसटी के औचित्य को कभी नहीं समझाया गया है, लेकिन चिकित्सा शिक्षा और बुनियादी ढांचे में अग्रणी राज्यों में से एक के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मैं हमारे कैशलेस राज्य स्वास्थ्य बीमा के सकारात्मक प्रभाव को देखता हूं जो बड़ी आपात स्थितियों के मामले में एक बफर के रूप में कार्य करता है। यह दो-चरणीय कवरेज प्रणाली हमारे नागरिकों की भलाई के लिए आवश्यक है। मंत्री राव ने कहा इस संदर्भ में, मैं आपको जीएसटी परिषद, जो 9 सितंबर को बैठक करने वाली है, को स्वास्थ्य बीमा पर मध्यम और निम्न आय वाले पॉलिसी धारकों के लिए 18 प्रतिशत कर पर पुनर्विचार करने की सिफारिश करने के लिए लिख रहा हूं, जो निश्चित रूप से वर्ष 2047 में सार्वभौमिक बीमा प्राप्त करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा।

# भाजपा को प्रवीण, हर्ष मामलों में न्यायेतर हत्या की देनी चाहिए थी अनुमति : प्रताप सिम्हा

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रताप सिम्हा ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया है कि राज्य की पूर्व भाजपा सरकार को दक्षिणपंथी कार्यकर्ता प्रवीण नेट्टारू और हर्ष जिंगाड़े की हत्या के मामले में न्यायेतर हत्या की अनुमति देनी चाहिए थी। दक्षिण कन्नड़ जिले में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, प्रताप ने कहा, पुलिस के पास आरोपियों का एनकाउंटर करने का अवसर था। उन्हें उनका स्थान पता था, उनके पास एक बंदूक और एक कारतूस था, लेकिन भाजपा सरकार ने ट्रिगर खींचने की कोई अनुमति नहीं दी। मैसूरु से पूर्व सांसद (एमपी) प्रताप



सिम्हा को 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने पार्टी का टिकट नहीं दिया। इसके बजाय मैसूरु राजघराने के यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को टिकट दिया गया, जिन्होंने सीट जीत ली। वीएचपी के कार्यक्रम में प्रताप ने राज्य में भाजपा के नेतृत्व की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसमें साहस और हिंदुत्व विचारधारा के प्रति निष्ठा की कमी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता की जरूरत है, न कि जातिवादी राजनेताओं की। इस तरह का नेतृत्व हिंदू संगठनों द्वारा बनाया जाना चाहिए। भाजपा को विचारधारा और धर्म के प्रति साहस और निष्ठा वाले नेतृत्व की जरूरत है।

साथ ही, हमें खुद की जांच करनी चाहिए कि क्या धर्म के प्रति प्रेम और श्रद्धा है। प्रताप ने कर्नाटक में राजनीतिक वंशवाद पर भी कटाक्ष किया और पार्टी लाइन से परे वरिष्ठ नेताओं पर जनता की जरूरतों से ज्यादा अपने बच्चों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएस येदियुरप्पा, मल्लिकार्जुन खड़गे, एचडी कुमारस्वामी और देवेगौड़ा जैसे नेताओं ने व्यापक शासन की तुलना में अपने परिवार की राजनीतिक सफलता पर ज्यादा ध्यान दिया। प्रवीण नेट्टारू और हर्ष जिंगाड़े की हत्याओं ने 2022 में कर्नाटक में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक तनाव पैदा कर दिया था।

प्रवीण, जो कर्नाटक भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य थे, की दक्षिण कन्नड़ के सुल्लिया तालुक में बाइक सवार हमलावरों ने हत्या कर दी थी। 23 वर्षीय बजरंग दल के सदस्य हर्ष की भी कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध विरोध के चरम के दौरान शिवमोग्गा में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। हर्ष का आपराधिक रिकॉर्ड था और वह पहले भी मुस्लिम पुरुषों पर हमला करने और दंगा करने की घटनाओं में पुलिस के रडार पर था।


# आरोप पत्र में रेणुकास्वामी और पवित्रा गौड़ा के बीच व्हाट्सऐप संदेशों के विवरण का उल्लेख



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पुलिस ने आरोप पत्र में चित्रदुर्ग के रेणुकास्वामी और पवित्रा गौड़ा के बीच व्हाट्सऐप संदेशों के विवरण का उल्लेख किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दोनों के बीच करीब 65 वॉट्सऐप मैसेज भेजे गए। इनमें अश्लील मैसेज भी शामिल हैं। ये सभी संदेश रेणुकास्वामी और पवित्र गौड़ा और अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन से भी प्राप्त किए गए थे और जानकारी एफएसएल से प्राप्त की गई और आरोप पत्र में शामिल की गई थी। इससे पहले पवित्रा गौड़ा और रेणुकास्वामी व्हाट्सऐप पर चैट करते थे। बाद में पवित्र गौड़ा ने ये बात दर्शन के दोस्त पवन को बताई। पवन ने उसे पवित्र गौड़ा के नाम से व्हाट्सऐप किया और उसके शहर और आवासीय पते का पता लगाया। बाद में उन्होंने ये बात दर्शन को बताई। दर्शन ने उसके अपहरण की साजिश रची थी। तदनुसार, रेणुकास्वामी का चित्रदुर्ग से अपहरण कर लिया गया और शहर के पट्टागेरे शेड में लाया गया। इससे पहले रेणुकास्वामी हत्याकांड में कन्नड़ अभिनेता दर्शन और अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के एक दिन बाद, गुरुवार को सोशल मीडिया पर पीड़ित के जीवन की गुहार लगाते हुए एक तस्वीर सामने आई थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा शर्टलेस रेणुकास्वामी के चेहरे पर डर साफ झलक रहा था, वह कैमरे की तरफ देख रहा था, यह तस्वीर बताती है कि उसे कितनी यातनापूर्ण मौत दी गई, जिससे वह कितना दुखी हुआ। उन्होंने कहा कि उसके शरीर पर कई चोटों के निशान भी देखे जा सकते हैं। एक अन्य तस्वीर में पीड़ित एक खड़े ट्रक के पास जमीन पर लेटा हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उसे डंडों से पीटा गया, उसके गुप्तांगों में बिजली का झटका दिया गया और दीवार पर फेंक दिया गया, जिससे उसके कई अंग टूट गए। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को दाखिल आरोपपत्र में फोरेंसिक रिपोर्ट है, जिससे पुष्टि होती है कि दर्शन के कपड़ों पर रेणुकास्वामी के खून के धब्बे पाए गए थे। दर्शन के साथ उनकी दोस्त पवित्रा गौड़ा और मामले में आरोपी 15 अन्य लोग फिलहाल राज्य की अलग-अलग जेलों में न्यायिक हिरासत में हैं।

# कैबिनेट बैठक में केम्पन्ना आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा हो: कुमारस्वामी

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कोविड घोटाले की जांच की रिपोर्ट आने के बाद केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने राज्य सरकार से कैबिनेट में केम्पन्ना आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा करने का आग्रह किया है। यहां मचेनाहल्ली में मीडिया से बात करते हुए कुमारस्वामी ने सवाल उठाया कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाली केम्पन्ना रिपोर्ट अभी तक कैबिनेट के सामने क्यों नहीं पेश की गई। मैंने मीडिया के माध्यम से सुना है कि राज्य सरकार ने कोविड घोटाले पर एक रिपोर्ट तैयार की है, लेकिन मुझे इसकी सामग्री के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस पर कैबिनेट में चर्चा हुई और इसी तरह केम्पन्ना आयोग की रिपोर्ट भी चर्चा के लिए कैबिनेट के सामने लाई जानी चाहिए। कुमारस्वामी ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) के आयुक्त दिनेश कुमार के निलंबन पर टिप्पणी करते हुए कहा मीडिया को इस मुद्दे के बारे में सब कुछ



पता है। इस मामले पर पहले ही हाईकोर्ट में बहस हो चुकी है और सिद्धरामैया के वकील बहस के लिए और समय मांग रहे हैं। कुमारस्वामी ने भद्रावती में विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट (वीआईएसएल) और विजाग में स्टील प्लांट को फिर से शुरू करने के लिए चल रहे प्रयासों पर बात की। उन्होंने बताया वीआईएसएल और विजाग दोनों के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। अधिकारियों के साथ चर्चा चल रही है, लेकिन इसमें समय लगेगा क्योंकि कारखानों को फिर से शुरू करने के लिए 10-15,000 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। भाजपा सरकार के दौरान कथित कोविड घोटाले की जांच आयोग ने रिपोर्ट 31 अगस्त को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को सौंप दी थी। जांच सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी. कुन्हा के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा की गई थी। कर्नाटक के सीएम कार्यालय ने सोशल मीडिया के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत करने की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच सरकारी एजेंसी द्वारा की गई थी। आयोग की रिपोर्ट ने महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा को जन्म दिया है, जिसमें पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वर्तमान भाजपा सांसद डॉ. के. सुधाकर शामिल हैं, जो महामारी के दौरान पद पर थे, ने आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा मैंने कोविड अवधि के दौरान ईमानदारी से काम किया और कुछ भी अवैध नहीं किया। सुधाकर ने कहा मैं राजनीतिक और कानूनी दोनों तरह के किसी भी आरोप का सामना करूंगा। सभी निर्णय पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली टास्क फोर्स के माध्यम से लिए गए थे।

# कोलार और चिक्कबल्लापुर के लोगों को येत्तिनाहोल परियोजना से पानी देना करेंगे सुनिश्चित: सिद्धरामैया


**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि कर्नाटक सरकार पश्चिमी घाट में कुछ और धाराओं का दोहन करके कोलार और चिक्कबल्लापुर के लोगों को येत्तिनाहोल एकीकृत पेयजल आपूर्ति परियोजना से पानी मिलेगा यह सुनिश्चित करेगी। सकलेशपुर तालुक के हेब्बानहल्ली में परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए सिद्धरामैया ने कहा कि चिक्कबल्लापुर और कोलार के लोगों को संदेह है कि येत्तिनाहोल में धाराओं से उठाया गया पानी उनके क्षेत्र तक पहुंचेगा या नहीं। येत्तिनाहोल परियोजना से नवंबर 2026 तक कर्नाटक के कोलार और चिकबल्लापुर जिलों तक पानी पहुंचेगा। मैंने विश्वेसराय जल निगम लिमिटेड (वीजेएनएल) के इंजीनियरों से बात की है



और मुझे पता चला है कि पिछले 10 वर्षों में नदियों में औसतन 19 टीएमसीएफटी पानी उपलब्ध है। अपेक्षित कुल 24.01 टीएमसीएफटी पानी में से 14.056 टीएमसीएफटी पीने के लिए है। पीने के पानी की कोई कमी नहीं है। हम कोलार और चिक्कबल्लापुरा के लोगों की जरूरतों को पूरा करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुश हैं क्योंकि उन्होंने 2014 में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी और अब उन्हें इस परियोजना का उद्घाटन करने का अवसर भी मिला है।

# तुंगभद्रा बांध के शिखर द्वार के ढहने की जांच के लिए विशेषज्ञों का पैनल

**विजयनगर/शुभ लाभ ब्यूरो।**
तुंगभद्रा जलाशय के 19वें शिखर द्वार के ढहने के कारणों का पता लगाने के लिए तुंगभद्रा बोर्ड ने विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। 10 अगस्त की रात को बांध में जमा पानी में इसकी कड़ी टूटने और बह जाने के बाद यह द्वार ढह गया। विशेषज्ञों के पैनल की अध्यक्षता केंद्रीय जल आयोग



के पूर्व अध्यक्ष ए के बजाज कर रहे हैं। तुंगभद्रा बोर्ड के सचिव ओ आर के रेड्डी के अनुसार, इस पैनल में बांध विशेषज्ञ हरकेश कुमार, तारापुरम सुधाकर और कर्नाटक, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना की तकनीकी परामर्शदात्री समितियों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति यह जांच करेगी कि क्या समय-समय पर द्वार और श्रृंखलाओं का निरीक्षण किया गया था और बांध के अन्य शिखर द्वारों की सुरक्षा का भी आकलन करेगी।

# सीएम पद के दावेदारों की सूची बढ़ रही, शिवकुमार सबसे आगे: विजयेन्द्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक भाजपा ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की सूची बढ़ती जा रही है। कर्नाटक भाजपा प्रमुख बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की सूची बढ़ती जा रही है और डी.के. शिवकुमार इस दौड़ में सबसे आगे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के इस्तीफे का समय आ गया है। मुख्यमंत्री द्वारा महत्वाकांक्षी एत्तिनाहोल परियोजना का उद्घाटन करने से एक दिन पहले शिवकुमार ने पूजा-अर्चना की थी। इससे संकेत मिलता है कि सिद्धरामैया की स्थिति मजबूत नहीं है। उन्होंने



कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नाजुक स्थिति को समझती है और उन्होंने कहा कि सिद्धरामैया के लिए समय आ गया है। विजयेंद्र ने कहा कांग्रेस को बदलाव स्वीकार करने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की धमकियों, धमकाने की रणनीति और षड्यंत्रों से नहीं डरती। हमारी पार्टी सभी झूठे आरोपों का जवाब देने के लिए तैयार है। पिछले कुछ दिनों से भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है और कल्याण विकास निगम मामले और मुडा मामले जैसे कथित मामलों को उजागर कर रही है। एत्तिनाहोल परियोजना पर विजयेंद्र ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य कई दशकों तक चिक्कबल्लापुर, कोलार और तुमकुरु जैसे क्षेत्रों को पानी की आपूर्ति करना है। 'शुरुआती अनुमानित परियोजना लागत लगभग 8,500 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर 20,000-22,500 करोड़ रुपए हो गई है। हालांकि यह खुशी की बात है कि परियोजना शुरू हो गई है, लेकिन लोगों के बीच यह सवाल बना हुआ है कि क्या इसका मूल उद्देश्य पूरा हो पाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु के मंत्री रामचंद्रन और थेनारासु को राहत

# मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई

चेन्नई **(एजेंसियां)।**
सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के दो मंत्रियों को राहत देते हुए उनके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दोनों मंत्रियों को आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया गया था।

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु के राजस्व मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन और वित्त मंत्री थंगम थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने मंत्रियों की तरफ से दायर अपील पर तमिलनाडु



सरकार को नोटिस जारी किया। फिलहाल मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

मामले में पक्षकारों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि स्वप्रेरणा से आपराधिक पुनरीक्षण में आरोप मुक्त करने के लिए उच्च न्यायालय की तरफ से अपनाई गई प्रक्रिया सही नहीं थी, जिसके बाद शीर्ष न्यायालय ने यह आदेश पारित किया। वकीलों ने कहा कि आपराधिक पुनरीक्षण करते समय उच्च न्यायालय यह नहीं मान सकता था कि सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं थी।

वहीं तमिलनाडु के महाधिवक्ता पट्टाभि सुंदर रमन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर करने की योजना बना रही है, क्योंकि यह डीवीएसी के निष्कर्षों में हस्तक्षेप करता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 7 अगस्त को निचली अदालत को निर्देश दिया था कि वह रामचंद्रन और थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामले से मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को दरकिनार करते हुए उनके खिलाफ आरोप तय करें।

न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर आदेश पारित करते हुए विरुधनगर के सांसदों और विधायकों के मामलों के लिए विशेष अदालत के 20 जुलाई, 2023 और 12 दिसंबर, 2022 के आदेशों को दरकिनार कर दिया, जिसमें रामचंद्रन और थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति के मामले से मुक्त किया गया था। दोनों वरिष्ठ डीएमके नेताओं को डीवीएसी की तरफ से उनके खिलाफ दर्ज मामलों में मुकदमे का सामना करना होगा। वहीं अभियोजन पक्ष के अनुसार, रामचंद्रन ने अपने, अपनी पत्नी और मित्र के एस पी षणमुगामूर्ति के नाम पर, पिछली डीएमके सरकार के दौरान 2006 से 2011 के बीच स्वास्थ्य और पिछड़ा वर्ग मंत्री रहते हुए, अपने ज्ञात आय स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।

# पूरे जिले में इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा परमिट वापस नहीं लिया जाएगा: डीसी

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
दक्षिण कन्नड़ के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) मुल्लई मुहिलान ने स्पष्ट किया कि 26 जुलाई को पारित आदेश, जिसमें पूरे जिले में बिना किसी क्षेत्रीय प्रतिबंध के इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा (ई-ऑटो) के संचालन की अनुमति दी गई थी, को रद्द नहीं किया जा सकता।

गुरुवार शाम को डीसी कार्यालय में ऑटो-रिक्शा मालिकों और ड्राइवरों के साथ आयोजित एक बैठक में बोलते हुए, मुहिलान ने कहा यह आदेश केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों और उच्च न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए कानूनी ढांचे के भीतर जारी किया गया था। संबंधित लोग उच्च न्यायालय में अपील के माध्यम से आगे स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। उन्होंने



कहा केंद्र सरकार ने ई-ऑटो को बिना किसी शहर (जोन-1) या ग्रामीण (जोन-2) प्रतिबंध के संचालन के लिए मुफ्त परमिट दिया है। बेंगलूरु में भी इसी तरह के प्रावधानों के साथ इसे मेंगलूरु सहित पूरे कर्नाटक में लागू किया जा रहा है। हालांकि तमिलनाडु में प्रतिबंध लगाए गए हैं। यदि इस तरह के प्रतिबंध यहां लागू किए जाने हैं, तो उन्हें राज्य सरकार के स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। चिकमंगलूरु में ऑटो-रिक्शा चालकों ने पहले ही राज्य सरकार से तमिलनाडु की तरह प्रतिबंध लगाने की अपील की है।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# बिहार के यूनिवर्सिटी का शातिरों ने बना डाला सोशल मीडिया पर चैनल

**कुलपति ने कहा– होगी कार्रवाई**

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।** साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह ने मुजफ्फरपुर के बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर बिहार यूनिवर्सिटी का सोशल मीडिया पर चैनल बनाया है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि बीआरएबीयू के नाम पर एक चैनल क्रिएट करके छात्र-छात्राओं के साथ फ्रॉड किया जा रहा है। यही नहीं गुमराह करने के लिए यूनिवर्सिटी के नोटिस को टेलीग्राम के चैनल पर भी डाल दिया है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि बीआरएबीयू के नाम पर




टेलीग्राम पर करीब डेढ़ दर्जन चैनल और ग्रुप अनाधिकृत रूप से चल रहे हैं, जिसमें टेलीग्राम पर चैनल और ग्रुप की संख्या ज्यादा है। इससे हजारों स्टूडेंट्स भी जुड़े हैं और इन ग्रुप और चैनलों पर विश्वविद्यालय से संबंधित सूचनाएं वायरल होती हैं, जिससे छात्र गुमराह हो रहे हैं। खासकर परीक्षा विभाग से जुड़ी सूचनाओं को लेकर अक्सर भ्रम की स्थिति बन जा रही है। इस बात की जानकारी के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन भी अलर्ट पर आ गई है। इस बात की जानकारी होने के बाद कुलपति ने इसको लेकर छात्र-छात्राओं को ऐसे लोगों से बचने की सलाह दे रहे हैं।

इस मामले में कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय का कहना है कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर बिहार यूनिवर्सिटी का सोशल मीडिया पर चैनल बनाकर छात्रों को गुमराह करने की जानकारी मिली है और हम इस तरह के मामले को किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं करेंगे। पुलिस प्रशासन को भी अवगत कराया जायेगा और इस मामले को हम गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करेंगे। कुलपति ने कहा कि ऐसे लोग जो भी शिक्षण संस्थान के नाम पर फ्रॉड करने और गुमराह करने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाएगा और इस संबंध में पुलिस को भी जानकारी दी जाएगी। कुलपति ने कहा कि अब अब छात्रों को अगर कोई भी सूचना या फिर किसी जानकारी की जरूरत है तो वह इसके लिए सीधा यूनिवर्सिटी प्रशासन से संपर्क करेंगे।

# कैमूर में बिजली गिरने से दो किशोरों की मौत

**पटना (एजेंसियां)।** कैमूर जिले के भगवानपुर थानाक्षेत्र के ओरगांव गांव के सिवान में इमली पेड़ के नीचे मोबाइल चला रहे दो किशोरों की बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान ओरगांव नगूला निवासी दीनानाथ राम के बेटे प्रिंस कुमार और सुगीया पोखर गांव निवासी मुंशी राम के बेटे नीरज कुमार के तौर पर हुई है।

इधर, मौके पर पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भास्कर ने बताया कि दोनों गांव से बाहर सिवान में इमली के पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल चले रहे थे। उसी दौरान हल्की बारिश और मेघ गर्जन हुआ। जहां आकाशीय बिजली की चपेट में



आने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने सदर अस्पताल में दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया है।

भगवानपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आज शुक्रवार के दिन भगवानपुर थानाक्षेत्र के दो किशोरों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है। दोनों शव लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिए गए हैं। दोनों की पहचान कर ली गई है। दोनों लोग कैमूर जिले के बताए जा रहे हैं। इधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# पटना में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और पथराव, मां की मौके पर ही मौत, बेटा घायल

**पटना (एजेंसियां)।** पटना में दो गुटों के बीच हुई जमकर मारपीट और पथराव में एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा घायल हो गया। यह घटना धनरुआ थानाक्षेत्र के छोटकी मटिया पर गांव की है। जहां नाली में पानी गिरने की बात को लेकर चंदन प्रसाद और छोटन प्रसाद के बीच विवाद शुरू हो गया। दोनों के बीच बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट और पथराव शुरू हो गया। गांव के लोगों ने बताया कि दोनों पड़ोसी हैं। पथराव की घटना में देव कुवर देवी को गहरी चोट लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि उनका बेटा छोटन प्रसाद पत्थर



लगने से घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल कायम हो गया। उसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना धनरुआ थाने को दी।

सूचना मिलते ही धनरुआ थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से दो महिलाओं को हिरासत में लिया। घटना के बाद पुलिस ने मृतका देव कुवर देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जबकि घायल छोटन प्रसाद को इलाज के लिए नजदीक के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस गांव में कैंप कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के चंदन प्रसाद और छोटन प्रसाद के बीच नाली में पानी गिरने को लेकर कई दिनों से विवाद चल आ रहा है। इसी बीच शुक्रवार को दोनों के बीच कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते दोनों के बीच पथराव शुरू हो गया। घटना के बाद छोटन प्रसाद ने आरोप लगाया कि चंदन प्रसाद द्वारा अपने गुंडो को बुलाकर गोली चलाई गई है। जबकि पुलिस ने गोली चलाई जाने की बात की पुष्टि नहीं की है।

बताया जा रहा कि पथराव में छोटन प्रसाद की मां देव कुवर देवी (65) को पत्थर लगा और वह वहीं पर गिर पड़ीं। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद चंदन प्रसाद अपने आदमियों के साथ गांव से फरार हो गया। सूचना मिलते ही धनरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फरार हुए चंदन प्रसाद और उसके आदमियों की तलाश में छापामारी शुरू कर दी।

# बेगूसराय में सड़क पर घूम रहा खूंखार कुत्ता, दो पुलिसकर्मी सहित 45 को बना चुका शिकार

**बेगूसराय (एजेंसियां)।** बेगूसराय में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने में निष्क्रिय बना हुआ है, जिससे बेगूसराय के लोगो में ना सिर्फ नाराजगी है बल्कि डर का भी माहौल बना हुआ है। बेगूसराय में बृहस्पतिवार को लगभग चालीस से पैतालीस लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना निशाना बनाया है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से कुत्ते के काटने से बेगूसराय सदर अस्पताल में दो पुलिस कर्मी सहित कुल 25 लोगों का इलाज किया गया है।

बृहस्पतिवार को सुबह से कुत्ता काटने के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने लगी। शाम होते-होते यह संख्या अप्रत्याशित हो



गई। इस संबंध में अस्पताल के डॉक्टर चंदन कुमार चौधरी ने बताया कि बेगूसराय में बृहस्पतिवार को कुल 25 कुत्ता काटने के मरीज का इलाज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम में सड़क किनारे सड़ी गली चीज या इनफेक्टेड चीज खाने से कुत्तों की ऐसी हालत होती है, जिस वजह से वह लोगों को काटने लगते हैं। हालांकि इससे बचाव के लिए बेगूसराय अस्पताल में रैबीज की दवा मौजूद है। वही कुत्ता काटने के बाद सदर अस्पताल पहुंचे मरीज परेशान और डरे सहमे नजर आए। अधिकतर मरीजों का कहना था कि वह अपने काम या घरेलू सामान की खरीद बिक्री के लिए घर से बाहर निकले थे तभी अनायास कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

कुछ मरीजों का कहना है कि कई आवारा कुत्ते इतने खतरनाक होते है कि वह जहां काटते हैं, वहां से शरीर का मांस नोच लेते हैं।

इतना ही नहीं, कुत्ते इतना शातिर होते हैं कि वह अनायास ही शरीर के विभिन्न हिस्सों को अपना निशाना बना लेते हैं। फिलहाल बेगूसराय की गलियों में खतरनाक कुत्तों से लोग सहमे हुए हैं और बेगूसराय मेयर को कोस रहे हैं। उनका कहना है कि नगर निगम मेयर को इनसब समस्याओं से कोई मतलब नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी कांग्रेस और ममता बनर्जी पर जमकर बरसे

**गया (एजेंसियां)।** गया में केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी आज गुरुवार को कांग्रेस के साथ-साथ ममता बनर्जी पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस गलती से जीत गई तो येलोग जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में मिला देंगे। वहीं कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए जघन्य हत्या पर ममता बनर्जी पर भी खूब बोले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सड़क पर उतर कर नाटक कर रही थी।

गया में केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी राहुल गांधी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को राहुल गांधी दिग्भ्रमित कर रहे



हैं। वह वहां 370 लागू करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। जीतन राम मांझी ने कहा कि जब तक हाथ में सत्ता नहीं आती है, तब तक ये लोग यूं ही लोक लुभावन घोषणाएं करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर गलती से जीत गए तो राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में मिला देंगे।

केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी राहुल गांधी के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी खूब बोले। उन्होंने कहा कि पश्चिमी बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ जो बर्बरता के साथ उसकी हत्या हुई, वह पूरा देश जानता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सड़क पर उतर कर नाटक कर रही थी। साथ ही दूसरों पर आरोप भी लगा रही थी। ममता सरकार ने देर से ही, लेकिन सही कदम उठाया है। नया कानून बनाने की बात कहकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन जख्मों पर मलहम लगाने का काम की है।

# बेगूसराय में दो युवकों को खूंटे में बांधकर बेरहमी से पीटा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बेगूसराय (एजेंसियां)।** बेगूसराय में एक बार फिर भीड़ का तालिबानी फरमान देखने को मिला। जहां बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों को लोगों ने पकड़कर खूंटे में बांधकर बेरहमी से पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में दोनों युवक को इलाज के लिए बेगूसराय के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक मोहित कुमार की मौत हो गई। जबकि घायल राहुल कुमार अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। घटना बीरपुर थानाक्षेत्र के भावनंदपुर गांव की है। मृतक युवक की पहचान बीरपुर थानाक्षेत्र निवासी मोहित कुमार के रूप में की गई है। जबकि घायल एक युवक की पहचान राहुल कुमार के रूप में की गई है।

जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक आज सुबह भावनंदपुर से एक बकरी चोरी कर



भाग रहे थे। तभी लोगों ने दोनों युवक को खदेड़ना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बकरी चोरी करने के बाद मोटरसाइकिल से भाग रहे थे। इस दौरान भावनंदपुर के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल खराब हो गई और लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। उसके बाद लोगों ने दोनों की जमकर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी।

इससे भी मन नहीं भरा तो दोनों चोर को खूंटे से बांध दिया और फिर पिटाई करने लगे। पिटाई के बाद लोगों ने दोनों चोर को घायल अवस्था में पुलिस के हवाले कर दिया। आनन-फानन में पुलिस दोनों आरोपियों को इलाज के लिए बेगूसराय के सदर अस्पताल ले गई। जहां इलाज के दौरान घायल आरोपी मोहित कुमार की मौत हो गई, जबकि राहुल कुमार की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

इस घटना को लेकर मृतक की मां ने बताया कि बेवजह बकरी चोरी के आरोप में पकड़ लिया और उसे बांधकर जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए बेगूसराय के सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मोहित कुमार की मौत हो गई, जबकि राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# गया में दिनदहाड़े व्यवसायी के घर में डकैती, 30 लाख रुपये लूटकर हुए फरार

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

**पटना (एजेंसियां)।** गया में हथियारबंद छह अपराधियों ने दिनदहाड़े एक घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में अपराधी नगद समेत 30 लाख रुपए लूट कर फरार हो गये।घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के रमना मोड़ की है। पीड़ित व्यवसायी रोहित साहु ने बताया कि सभी अपराधी हथियार के साथ थे और हथियार के बल पर उन लोगों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है।

लूटपाट की घटना के तुरंत बाद घर के मालिक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह सात बजे जिले के व्यस्ततम रमना मोड़ पर स्थित रोहित साहु के गोदाम पर छह हथियारबंद बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाश गोदाम में घुस गये और घर के मालिक रोहित साहु को तमंचे के नोंक पर घर के अंदर ले गये और फिर डकैती करने लगे। घर में रखे नगद समेत 30 लाख रुपये और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। दिनदहाड़े डकैती की सूचना शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई। सूचना पाते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। डकैती की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी भी दिखाई।

पुलिस ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। उधर, दिनदहाड़े घर में लूटपाट की घटना के बाद व्यापारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। पुलिस ने कहा कि शेरघाटी थाना क्षेत्र के रमना मोड़ के पास फार्चून के थोक विक्रेता रोहित साहु के घर में घुसकर हथियारबंद अपराधियों ने डकैती की है। फरार लूटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए बदमाशों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। शहर में जगह-जगह पुलिस ने नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। सभी आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद बाइक से जेपी चौक की ओर भाग गये।

# मुजफ्फरपुर में सियार का आतंक, अब तक 12 से ज्यादा लोगों को काटकर किया घायल

**ग्रामीणों में दहशत**

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।** मुजफ्फरपुर के शेरपुर पंचायत के बंगरा गांव में सियार ने आतंक मचाया हुआ है। यहां सियार ने अब तक 12 से ज्यादा लोगों को काट कर घायल कर दिया है। पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घायलों में से कई लोगों को सदर अस्पताल और निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वन विभाग की टीम उक्त जानवर को रेस्क्यू करने में जुटी हुई है।

दरअसल, बीते दो दिनों से जिले के सदर थानाक्षेत्र के शेरपुर पंचायत इलाके के बंगरा गांव में एक जानवर के आतंक से लोगों में दहशत बनी हुई है। आलम यह है कि सियार ने अब तक चार बच्चों सहित 12 से अधिक



लोगों को काट कर घायल कर दिया है, जिसके बाद से पूरे इलाके के लोग डरे-सहमे हुए हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद से जिले की वन विभाग की टीम ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसको लेकर पूरे गांव और खेतों में कई पिंजड़े लगाए जा रहे हैं, ताकि सियार को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

स्थानीय ग्रामीण रितेश कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों में एक जानवर ने 12 से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया है। यह जानवर कुत्ते जैसा दिखता है और लगता है कि जैसे सियार है। यह कोई भेड़िया नहीं है और इसकी वजह से पूरे इलाके में दहशत बनी हुई है। इससे लोग काफी डरे-सहमे हैं। वहीं, सियार के आतंक के कारण गांव के कई बच्चे स्कूल भी नहीं जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com